(d) The U.P. Pollution Control Board has initiated the following corrective steps to be implemented during the Eighth Five-Year Plan for controlling pollution:

(i) identification of highly polluting industries, stretches of rivers and problem areas for taking concerted action for source control;

(ii) a time bound programme for installation of effluent treatment plants and air pollution control devices in major defaulting units.

सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान विकास योजनाओं का कार्यान्वयन

1454. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान अनेक विकास योजनाओं को लागू करने का निर्णय किया था ;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान उन योजनाओं पर काम चालू करके कितनी योजनायें पूरी की जानी थीं ;

(ग) क्या ये सभी योजनायें निर्धारित अवधि के भीतर पूरी कर ली गई थीं ; और

(घ) यदि नहीं, तो कितनी योजनायें पूरी नहीं की गईं और निर्धारित समय के अनुसार इन योजनाओं को पूरा न किये जाने के कारण देश को कितना आर्थिक नुकसान होने की संभावना है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भाग्ये गोबर्धन) : (क) से (घ) जी, हां। सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों से संबंधित अनेक अलग-अलग स्कीमों को विभिन्न अभिकरणों द्वारा केन्द्र तथा राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा तैयार और कार्यान्वित किया गया था । समीक्षा और मूल्यांकन के आधार पर इनमें ऐसी नई स्कीमें तथा पिछली योजना से ली गई स्कीमें शामिल थीं, जिनमें कुछ पुनर्संरचित अथवा अन्य स्कीमों के साथ समाहित की गई थीं ।

इन परिस्थितियों में, केन्द्रीय योजना और राज्य योजनाओं के विभिन्न उप क्षेत्रकों से संबंधित स्कीमों के अपूर्ण अथवा देर से पूर्ण होने के कारण वित्तीय हानियों की सूचना देना संभव नहीं है ।

सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान निर्धारित लक्ष्य

1455. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कृषि, उद्योग, सड़क निर्माण, ऊर्जा और विदेशी मुद्रा भंडारों के सृजन आदि के संबंध में लक्ष्य निर्धारित किये गये थे ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और क्या वे लक्ष्य प्राप्त कर लिये गये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भाग्ये गोबर्धन) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) लक्ष्यों तथा उपलब्धियों के ब्यौरे और न्यूनता के कारण विवरण में दर्शाये गये हैं ।